# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-9.22 | 4 | 5-8 |

### एचएयू के शूटिंग खिलाड़ी एयर राइफल और पिस्टल शूटिंग रेंज में नाम रोशन कर रहे

# एक साल पहले स्थापित की शूटिंग रेंज को एचएयू जल्द बनाएगा हाईटेक, ₹10 लाख का बजट मंजूर

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू के गिरी सेंटर में दस मीटर एयर राइफल एवं पिस्टल शूटिंग रेंज जल्द अत्याधुनिक होगा। एचएयू प्रशासन ने रेंज को अत्याधुनिक बनाने का निर्णय लिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के भी खिलाड़ी प्रैक्टिस कर सकें। इसके लिए 10 लाख का बजट मंजूर किया गया है।



*साई में स्थापित की गई शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस कर विवि के खिलाड़ी देशभर में एचएयू और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। विवि का प्रयास है कि छात्रों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वह पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी विवि का नाम रोशन करें।*

**– प्रोफेसर बीआर काम्बोज, कुलपति,** एचएयू हिसार।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना लोहा मनवा रहे हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय से हर प्रकार की सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक साल पहले ही गिरी सेंटर में दस मीटर की एयर राइफल एवं पिस्टल शूटिंग रेंज इंडोर है जिसमें सभी इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का प्रयोग किया है। अभी तक विश्वविद्यालय के शूटिंग खिलाड़ी अभ्यास के लिए विश्वविद्यालय से बाहर किसी प्राइवेट संस्था आदि के माध्यम से कर रहे थे, मगर अब विवि परिसर में ही खिलाड़ियों को प्रैक्टिस की सुविधा मिल रही है। प्रोफेसर बीआर कांबोज का कहना है कि रेंज में अंतरराष्ट्रीय स्तर की ऑटोमेटिक मशीनों को स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकेगा। विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाया है। यहां की विद्यार्थी रीवा ने 10 मीटर व 50 मीटर स्पर्धा में नार्थ जोन में गोल्ड मेडल, ऑल इंडिया नेशनल में ब्रांज मेडल व इंडिया टीम की ट्रायल के लिए क्वालिफाई, सुनिधि ने 50 मीटर में ऑल इंडिया नेशनल गोल्ड मेडल, एनसीसी नेशनल ब्रांज व इंडिया टीम की ट्रायल के लिए क्वालिफाई तथा हर्ष डागर ने नॉर्थ जोन में सिल्वर मेडल हासिल किया है। कई खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर एचएयू और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-9-22 | 4 | 6-7 |

## पराली को बेचकर कमाएं आय : डॉ. बलवान सिंह



हिसार | नेशनम मिशन बायोमास और राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान ने एचएयू के कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमिनिटी के ऑडिटोरियम में कार्यशाला की, जिसमें पराली प्रबंधन के संबंध में जानकारियां दी गईं। पराली नहीं जलाने की अपील की गई। कार्यशाला में डॉ. बलवान सिंह मंडल, डीईई, एचएयू मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम संचालन राजेश शुक्ला ने किया। डॉ. बलवान सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित समर्थ मिशन का उद्देश्य पर्यावरण को पराली जलने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से मुक्त करना है और साथ ही साथ किसानों द्वारा खेत में पराली न जलाकर तथा बेचकर आय उत्पन्न कराना है। कार्यक्रम में प्रफुल्ल चंद्रा डोंगरे, मनोज नेहरा, डॉ. नरेन्द्र कुमार, मनीष कपूर, प्रिंस अरोड़ा और वैज्ञानिकों ने भी व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में 5 गांवों के सरपंच, किसान और किसान संगठन, लघु निर्माता संगठन आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Indian Express | 23.9.22 | 2 | 1-2 |



**CCSHAU (BUSINESS OPPORTUNITY)**

Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India through Agribusiness Incubation Centre established in CCSHAU Hisar with the financial support of NABARD. Apply online on CCSHAU and ABIC's website www.hau.ac.in and www.abichauhisar.com by October 17, 2022. According to CCSHAU V.C Prof. B.R. Kamboj, through this centre, youth, farmers and entrepreneurs can give a new dimension to their startup in the agriculture sector by taking related training. Two programmes named 'PAHAL' and 'SAFAL'-2022 have been started with a provision of financial grant of Rs. 5 lakhs and 25 lakhs, respectively.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 24.09.2022 | -- | -- |

# समर्थ के तहत किसानों को पराली न जलाने हेतू एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

हिसार : नेशनल मिशन बायोमास (समर्थ) के तहत राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, फरीदाबाद द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर के सहयोग से किसानों को पराली को न जलाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमिनिटी के ऑडिटोरिम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, हिसार, (हरियाणा) में किया गया है। इस कार्यशाला में हरियाणा के 252 किसान सम्मिलित हुए तथा उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यशाला में डॉ0 बलवान सिंह मंडल, निदेशक विस्तार शिक्षा, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर उसकी उर्वरक शक्ति को बढ़ाने पर बल दिया, कहा की धरती हमारी मां है, यह हमे जीने के लिए हर चीज उपलब्ध कराती है, इसके आंचल में आग लगा कर हम जागन्या अपराध कर रहे है, इससे न केवल धरती की उर्वरक ताकत घट रही है, करोड़ो लाभदायक जीव जंतु, कीटाणु, पेड़ पौधे विलुप्त हो रहे है जो की भावी पीढ़ी के लिए एक अभिसाप होगा तथा उन्होंने एक साथ मिलकर सामूहिक स्तर पर गांव व देश को आगे ले जाने को की प्रेरणा दी। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथी श्री सुदीप नाग, मिशन निदेशक, समर्थ मिशन और ईडी, एनटीपीसी तथा श्री पी. एस. शेषाद्री, एजीएम भेल और मिशन सदस्य, श्री प्रफुल्ल चंद्रा डोंगरे, सीपीआरआई और मिशन सदस्य, समर्थ मिशन, डॉ0 इन्दु माहेश्वरी, संस्थान प्रमुख, एनपीटीआई-एनआर, नई दिल्ली आदि।

